TATA STEEL FOUNDATION

TATA

कुँडुख़ टाईम्स

(अंक 03, अप्रैल से जून 2022)

वेब पत्रिका का त्रैमासिक मुद्रित संस्करण

Prepared by :
Addi Kurukh Chaala Dhumkuriya
Parha Akhra (Addi Akhra), Ranchi

Kurukhtimes.com

विरासत विशेषांक

In Association with:
TRIBAL CULTURAL SOCIETY, JAMSHEDPUR
An Ethnicity Wing of TATA STEEL FOUNDATION

प्रकाशक : अद्दी अखड़ा प्रकाशन, राँची, झारखण्ड (भारत)

TATA STEEL FOUNDATION

TATA

Tata Steel Foundation, a wholly owned subsidiary of Tata Steel Limited, was incorporated on August 16, 2016. With over 500 members spread across eleven units and two states of Jharkhand and Odisha, the Foundation is a CSR implementing organization focused upon co-creating solutions, with tribal and excluded communities, to address their development challenges reaching more than 1.5 million lives annually across 4,500 villages. The Foundation endeavors to implement change models that are replicable at a national scale, enabling significant and lasting betterment of communities proximate to Tata Steel's operating locations while embedding a societal perspective in key business decisions. The Foundation strives for excellence by ensuring that all programmes are aligned with community needs and focused upon national priority areas enabling communities to access and control resources to improve the quality of their lives with dignity.

TATA STEEL FOUNDATION **TATA**

ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी, टाटा स्टील फाउंडेशन के अंतर्गत हाशिये पर आ चुके समुदायों विशेषत: अनुसूचित जनजाति के लिए ही कार्यरत इकाई है। यह एक अव्यवसायिक और स्वयंसेवी संगठन है। ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी की यात्र 1974 में तब से शुरू हुई जबकी इसके जनजातीय मामलों के लिए एक संयुक्त समिति के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। वर्ष 1983 में समिति पंजीयन अधिनियम के तहत इसका एक समिति के रूप में पंजीयन कराया गया। टाटा ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी का मुख्य उद्देश्य जनजाति अस्मिता और धरोहर को प्रोत्साहित करना है। यह जनजातीय जीवन, संस्कृति तथा आजीविका के विभिन्न पक्षों में आर्थिक पहल के जरिए जनजातीय कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन से सम्बंद्ध गतिविधियों पर केन्द्रित है।

कार्य के प्रमुख क्षेत्र हैं :-

- जनजातीय समुदायों की देशज अस्मिता या मौलिक पहचान का संरक्षण और संवर्द्धन।
- सशक्त समाजों के निर्माण हेतु शिक्षा को विशेषत: युवाओं के मधय प्रोत्साहित करना।
- कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को रोजगार हेतु प्रोत्साहित करना।

Address:

In Association with
TRIBAL CULTURE SOCIETY, JAMSHEDPUR
(An Ethnicity Wing of TATA STEEL FOUNDATION)

E. Road Northen Town Bistupur
Jamshedpur - 834001 (Jharkhand)
Contact No. : 918579015646
jiren.topno@tatasteel.com
Shiv.Kandeyong@tatasteelfoundation.org

Printing at : Good News Printer, Kantatoli, Ranchi, Mob : 7631000562

[illegible]
कुँड़ुख़ टाईम्स
https://kurukhtimes.com
वेब वर्जन पत्रिका का त्रैमासिक
मुद्रित संस्करण
(अंक 03, अप्रैल से जून 2022)

Consulting Editor :
Mr. Kishlaya, Ranchi, Jharkhand
Mob. # 9431113111

Executive Editor :
Dr. Bindu Pahan, Birsa Nagar, Zone-6, Jamshedpur, Mob # 9798956544

Assistant Editor :
Shri Bhuneshwar Oraon, Tilsiri, Ghaghra Gumla, Mob # 9798956544

Co-Ordinator :
Dr. Narayan Oraon, Sainda, Sisai, Gumla, Mob. # 9771163804

Editorial Board :
1. Shri Jita Oraon, Ranchi Mob. # 9905215471
2. Shri Bipta Oraon, Jogo Pahar, Ranchi, Mob # 9693855399
3. Mr. Mahadeo Toppo, Ranchi Mob. # 7250212369
4. Dr. (Smt.) Shanti Xalxo, Ranchi Mob. # 9905215471
5. Dr. (Smt.) Meena Toppo, Ranchi Mob # 9431729685
6. Dr. Satyotam Bhagat, Jamshedpur Mob. # 9608706239
7. Dr. Narayan Bhagat, Ranchi Mob. # 8521458677

Publication Office :
Tolong Chambbi, Boreya Road, Chirondi, Nagra Dippa, PS: Bariatu, Dist. : Ranchi (Jharkhand), Pin: 834006

Published by :-
Addi Akhra Prakashan, Ranchi
Boreya Road, Chiroundi, Pin - 834006

Prepared by :-
Addi Kurukh Chaala Dhumkuriya Parha Akhra (Addi Akhra), Ranchi

In Association with
TRIBAL CULTURAL SOCIETY JAMSHEDPUR
An Ethnicity Wing of TATA STEEL FOUNDATION

तरपाँती — पईत्त पाब — पक्खे

1. तोलोंग सिकि (लिपि) का आधार (प्रकृति और कलाकृति) — 02
2. कुँड़ुख़ तोलोंग सिकि तोड़पाब (वर्णमाला) — 03
3. कुँड़ुख़ हहस / कुँड़ुख़ भाषा की ध्वनियाँ (Kurux Phonemes) — 04
4. कुँड़ुख़ भाषा की तोलोंग सिकि का विकास एवं उराँव समाज — 05
5. पारम्परिक उराँव (कुँड़ुख़) समाज की सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक विरासत — 12
6. लकड़ा, ककड़ो अरा मनख़ा ख़ाःपुस — 16
7. कुँड़ुख़ व्याकरण की पारिभाषिक शब्दावली, विषय पर कार्यशाला / उदघोषणा — 20
8. पिता की संपत्ति पर बेटी का अधिकार : एक उराँव महिला की कलम से — 26
9. संरक्षक मण्डल सदस्य के कलम का उद्‌गार — 29
10. परम्परागत धुमकुड़िया पुनर्जागरण अभियान हेतु सैन्दा गांव की पहल — 30
11. परम्परागत पड़हा–बिसु सेन्दरा पुनर्जागरण हेतु 22 पड़हा गांव की पहल — 31
12. टी०एस०एफ० द्वारा संपोषित कुँड़ुख़ तोलोंग सिकि शिक्षण केन्द्र का झलक — 32

I. [illegible] (पेंच्छका = संपादकीय)

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

Dated - 30.06.2022 — *- Bindu Pahan, E. Editor*

तोलोङ सिकि (लिपि) का आधार

तोलोङ सिकि (लिपि) : आदिवासी भाषा, संस्कृति, रीतिरिवाज, परम्परा, विज्ञान एंव आध्यात्म का अद्भूत प्रस्तुतिकरण

2. (कुँड़ुख़ तोलोङ सिकि तोःड़पाब)
Tolong Siki Alphabet / तोलोङ सिकि वर्णमाला

(सरह तोड़) = स्वर वर्ण (Vowels)

इ i   ए e   उ u   ओ o   अ a   आ ā

: (सेला) = लम्बी ध्वनि, • (मितला) = नासिक्य व्यंजन सूचक, ’ (घेतला) = शब्दखण्ड सूचक, ~ (एवाँ) = नासिक्य स्वर सूचक, _ (रेवाँ) = लुप्ताकार र, I (हेचका) = विकारी अ

(हरह तोड़) = व्यंजन वर्ण (Consonants)

प् p	फ् ph	ब् b	भ् bh	म् m
त् t	थ् th	द् d	ध् dh	न् n
ट् ṭ	ठ् ṭh	ड् ḍ	ढ् ḍh	ण् ṇ
च् ch	छ् chh	ज् j	झ् jh	ञ् n̈
क् k	ख् kh	ग् g	घ् gh	ङ् ṅ
य् y	र् r	ल् l	व् w	ज़् ż
स् s	ह् h	ख़् x	ड़् ṛ	ढ़् ṛh

(लेक्खा) = संख्या, Numerals

0 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

(ख़द्दर ही कत्थ लूर अरा कत्थ बेयाँख़ो) = बच्चों का भाषा ज्ञान और भाषा विज्ञान

(पा), (बा), (मा), (ता), (दा), (ना), (का), (गा), (जा),

(पपा) = रोटी, (बबा) = पिताजी, (ममा) = Cooked rice, भात।

(पल्ले) = दाँत, (बई) = मूँह, (मेलख़ा) = Epiglottis, उप कण्ठ।

(ततख़ा) = जीभ, (दुदु) = दूध, (नरटी) = Oesophagus, ग्रासिका।

ताःका एमसाःर’ई, पल्ले, बई, मेलख़ा, होलेम चींःख़नर ख़द्दर।

ततख़ा, दुदहिन, नरटी तरा नतगी होलेम उज्जनर ख़द्दर।।

3. कुँड़ुख़ हहस/कुँड़ुख़ भाषा की ध्वनियाँ (Kũṛux Phonemes)

1. कुँड़ुख़ कत्था ही मूली सरह (कुँड़ुख़ भाषा की मूल स्वर स्वर ध्वनियाँ / Primary Vowel) : -

बइता सरह (मौखिक स्वर, Oral Vowel)		मुँइता सरह (नासिक्य स्वर, Nasal Vowel)	
सन्नी सरह (हृस्व स्वर, Short Vowel)	दिगहा सरह (दीर्घ स्वर, Long Vowel)	सन्नी सरह (हृस्व स्वर, Short Vowel)	दिगहा सरह (दीर्घ स्वर, Long Vowel)
- इ, i	- इः i:	- इँ ĩ	- इँः ĩ:
- ए, e	- एः e:	- एँ ẽ	- एँः ẽ:
- उ, u	- उः u:	- उँ ũ	- उँः ũ:
- ओ, o	- ओः o:	- ओं õ	- ओंः õ:
- अ, a	- अः a:	- अँ ã	- अँः ã:
- आ, ā	- आः ā:	- आँ ā̃	- आँः ā̃:

2. कुँड़ुख़ कत्था ही जोट्ठा सरह (कुँड़ुख़ भाषा का संयुक्त स्वर / Diphthong) :–

जोट्ठा सरह – अइ, अउ, ऐ, औ इउ, उइ, अय, अव, अँइ, अँउ, ऐं, औं, इँउ, उँइ, अँय, अँव.

3. कुँड़ुख़ कत्था ही मूली हरह (कुँड़ुख़ भाषा की मूल व्यंजन ध्वनियाँ / Primary Consonant) -

अघोष / NonVoiced		सघोष / voiced		सघोष / voiced		अघोष/NonVoiced
मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक महाप्राण Aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक महाप्राण Aspirated	नासिक्य अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated
प्	फ्	ब्	भ्	म्	- -	- -
त्	थ्	द्	ध्	न्	य्	- -
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्	र्	स्
च्	छ्	ज्	झ्	ञ्	ल्	ह्
क्	ख्	ग्	घ्	ङ्	व्	ख़्
- -	- -	ड़्	ढ़्	ञ़्	- -	- -

4. कुँड़ुख़ भाषा की तोलोंग सिकि का विकास एवं उराँव समाज

*संकलन – भुनेश्वर उराँव (शोधार्थी, टी. आर.एल.)

परिचय :– बचपन में, मैं (भूनेश्वर उराँव) अपने नाना–नानी के गांव में रह कर पढ़ाई आरंभ किया। उस गांव में जितने भी नाना–नानी रिस्ते वाले थे, वे मुझसे कुँड़ुख़ भाषा में ही बात किया करते थे। पढ़ाई के लिए मुझे एक गैरसरकारी ग्रामीण स्कूल में नामांकन कराया गया। वहाँ पहली बार वर्ष 1999 में, जब मैं चौथी कक्षा में था, सभी विषय के अतिरिक्त, उराँव (कुँड़ुख़) भाषा विषय भी पढ़ने का मौका मिला। ऐसा अवसर पाकर मैं उत्साहित हो उठा। उस गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालय में ''कइलगा'' नामक प्राथमिक पुस्तक पढ़ाया जाता था। उसी समय से मेरी अभिरूची अपने मातृभाषा कुँड़ुख़ के प्रति जागृत हुई। तब से मैं तोलोङ सिकि सिखने लगा और पढ़ाई जारी रखा। मैट्रीक से एम०ए० तक की पढ़ाई में महसूस हुआ कि झारखण्ड में अनेक प्रकार की जातियों की संस्कृति एवं भाषाएँ हैं, परन्तु जिन भाषाओं की पढ़ाई विश्वविद्यालय स्तर तक नहीं होंगी, उसका विकास अवरूद्ध हो जाएगा। कुँड़ुख़ भाषा, झारखण्ड के अलावा छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओड़िसा, दिल्ली, अंडमान– निकोबार तथा देष के बाहर नेपाल, भूटान, बंगलादेष तथा म्यांमर में भी बोली जाती हैं। देश की आजादी से पूर्व रोमन लिपि में तथा आजादी के बाद देवनागरी लिपि में कुँड़ुख भाषा संबंधी साहित्य रचना करने वाले कई साहित्यकार उभरे और अपनी रचनाओं को लोगों तक पहुंचाया।

वर्तमान में, कुँड़ुख़ भाषा साहित्य को अपने ही लेखन शैली में लिखने–पढ़ने के तरीके को स्थापित कराने में झारखण्ड के गुमला जिला के सिसई प्रखण्ड, ग्राम सैन्दा गाँव के निवासी तथा पेशे से चिकित्सक डॉ॰ नारायण उराँव 'सैन्दा' की भूमिका अग्रणी रही है। कहा जाता है – ''भाषा, संस्कृति का वाहक है तथा संस्कृति भाषा का पोषक'' यथा संस्कृति को बचाने के लिए भाषा को बचाना जरूरी है। इस प्रकार भाषा ही वह मूल स्तंभ है जिसके माध्यम से जनजातीय परम्पारिक सांस्कृतिक धरोहर एवं वौद्धिक सम्पदा को संरक्षित एवं सुरक्षित रखा जा सकता है। जनजातीय समाज द्वारा अपनी भाषा–संस्कृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने होंगे जिससे अपने इन धरोहरों एवं विरासत को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचा पाएँ। इसके लिए इन धरोहरों को वर्तमान शिक्षा पद्धति में स्थान दिलाना होगा और इन संसाधनों को स्कूली पाठ्यक्रमों में जोड़ना पड़ेगा तथा उसे अपने दैनिक जीवन के साथ जोड़ना होगा, तभी नई पीढ़ी इस ओर आगे बढ़ेगी।

सरकारी अधिसूचना और तोलोंग सिकि :– तोलोंग सिकि (लिपि) को कुँड़ुख़ (उराँव) समाज ने कुँड़ुख़ भाषा की लिपि के रूप में स्वीकार किया है तथा झारखण्ड सरकार द्वारा भी इसे कुँड़ुख़ भाषा की लिपि के रूप में स्वीकार किया गया है। इस विषय पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक 129 दिनांक 18.09.2003 द्वारा कुँड़ुख़ (उराँव) भाषा की लिपि के रूप में अंगीकार करते हुए संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किये जाने हेतु अनुशंसित किया गया है। साथ ही झारखण्ड अधिविद्य परिषद् राँची के विज्ञप्ति संख्या 17 / 2009 JAC / 20.02.2009 द्वारा 2009 सत्र में सर्वप्रथम कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा लूरएड़पा लूरडिप्पा भगीटोली गुमला के छात्रों को मैट्रिक परीक्षा में कुँड़ुख़ भाषा विषय परीक्षा तोलोड. सिकि में लिखने की अनुमति दी गयी। उसके बाद झारखण्ड अधिविद्य परिषद् राँची के अधिसूचना संख्या – JAC / गुमला / 16095 / 12–0607 / 16 दिनांक 12.02.2016 द्वारा वर्ष 2016 से मैट्रिक में कुँड़ुख़ भाषा पत्र की परीक्षा तोलोङ सिकि (लिपि) में परीक्षा लिखने की अनुमति प्राप्त हुई तथा राँची विश्वविद्यालय राँची के अधिसूचना संख्या – B / 1236 / 16 दिनांक 26.09.2016 द्वारा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष के देखरेख में एक विशेष सेल का गठन हुआ है जो संताली भाषा की लिपि – ओल चिकि, हो भाषा की लिपि – वराङ चिति तथा कुँड़ुख़ (उराँव) भाषा की लिपि – तोलोङ सिकि में पाठ्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी। इस लिपि से पश्चिम बंगाल में भी वर्ष 2018 से सरकार द्वारा कुँड़ुख़ साहित्य प्रकाशित किया जा रहा है।

A. झारखण्ड अलग प्रांत आंदोलन और कुँड़ुख़ भाषा की लिपि की अवधारना :–

1 कुँड़ुख़ भाषा :– कुँड़ुख़ भाषा एक उतरी द्रविड़ भाषा परिवार की भाषा है। लिंगविस्टक सर्वे ऑफ इंडिया 2011 के रिपोर्ट के अनुसार भारत देष में कुँड़ुख़ भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या 19,88,350 है। पर कुँड़ुख भाषी उराँव लोग अपनी जनसंख्या के बारे में बतलाते हैं कि पुरे विश्व में कुँड़ुख़ भाषी उराँव लोग 50 लाख के लगभग हैं। झारखण्ड में इस भाषा की पढ़ाई विश्वविद्यालयों में हो रही है। भारत में उराँव लोग विभिन्न राज्य तथा विदेषों में से नेपाल, भूटान बंगलादेश तथा म्यांमर आदि क्षेत्र में है।

2. नई लिपि के विकास की परिकल्पना :—

नई लिपि के विकास की परिकल्पना के बारे में डॉ. नारायण उराँव ने अपनी पुस्तक तोलोंग सिकि का उद्‌भव और विकास में कहा है कि वर्ष 1989 में अस्पताल में कार्य करते हुए उनकी नजर गर्भ—निरोधक गोली माला डी की पर्ची एवं 100 रूपये के नोट पर पड़ी। उसमें सभी सिडियूल लैंगवेज में एक ही बात को अलग—अलग तरीके से लिखा हुआ था। इसे देखकर उनके मन—मस्तिष्क में अपनी भाषा को लिखित रूप दिये जाने की परिकल्पना बलवती हुई। इसी दौरान उनके द्वारा लिखित छोटी सी पुस्तिका ''सरना समाज और उसका अस्तित्व'' वर्ष 1989 में छपी और झारखण्ड के आन्दोलनकारियों तक पहुँची। इस पुस्तिका में उद्धृत तथ्यों पर गौर करते हुए आन्दोलनकारी छात्र नेता एवं ऑल झारखण्ड स्टूडेन्टस यूनियन (आजसू) के तत्कालीन अध्यक्ष श्री विनोद कुमार भगत ने कहा — आप डॉक्टर बनकर समाज और देश की सेवा कीजिएगा साथ ही अपने परिवार का भी सेवा कीजिएगा। पर आदिवासी समाज की सेवा कौन करेगा ? हम आन्दोलनकारी, आन्दोलन में हैं समाज के सामने कई ज्वलंत प्रश्न है, जिसका उत्तर हम आन्दोलनकारियों के पास नहीं है। आदिवासी समाज को भाषा—संस्कृति के बचाव के लिए एक आधुनिक गुणों वाली लिपि की आवश्यकता है। समाज के लोगों को इसपर कार्य करना पड़ेगा।

इसी क्रम में 90 दषक के आरंभ में श्री विनोद कुमार भगत ने कहा — अगर कल को झारखण्ड राज्य मिलता है तो पूरी व्यवस्था वही रहेगी जो बिहार में है। अर्थात मंत्री से लेकर संतरी तक, ब्यूरोक्रेट से लेकर टेकनोक्रेट तक, सभी व्यवस्था पूर्वत होगी। तब आदिवासी समाज को क्या मिलेगा जो इस आन्दोलन में शामिल हैं ? पढ़े—लिखे लोग तो कहीं भी नौकरी या व्यापार कर लेंगे, पर गांव के लोगों को या अनपढ़ लोगों को क्या मिलेगा? इस प्रश्न के उत्तर में श्री भगत ने ही कहा कि — आदिवासी समाज के पास उनकी अपनी भाषा है, संस्कृति है, अपना रीति—रिवाज है। यदि हम इन धरोहरों को नहीं बचा पाये तो हमलोगों का यह आन्दोलन बेकार है। संस्कृति को बचाने के लिए भाषा को बचाना होगा और भाषा को बचाने के लिये इन भाषाओं की पढ़ाई—लिखाई स्कूल एवं कॉलेजों में करानी होगी और इसे रोजगार से जोड़ना होगा तभी भाषा—संस्कृति बचेगी। समाज एवं साहित्य में लगाव रखने वाले लोगों को भाषा के लिए एक नई लिपि विकसित करनी चाहिए। हमारा आन्दोलन एवं हम आन्दोलनकारी आदिवासी भाषा की लिपि विकास योजना में साथ है।

इस बातचीत के बाद डॉ. नारायण भी अपने साथियों के साथ लिपि विकास योजना में लग गये। नई लिपि विकासित करने हेतु कई तरीके तथा योजनाओं पर कार्य किया गया। नई लिपि को समाज तक लाने में अनेक बाधाएँ आयीं। उनमें से इन विन्दुओं पर लगातार विचार—विमर्श किया जाता रहा जैसे —

1. कलम के घुमाव की दिशा क्या हो? बायें से दायें हो या दायें से बायें या उपर से नीचे ?
2. लिपि चिन्हों का चुनाव किस प्रकार हो ? लिपि चिन्हों के चुनाव का आधार क्या हो?
3. वर्ण या अक्षर, sitting हो या suspending ?
4. लिपि चिन्ह Alphabetic (वर्णात्मक) हो या Syllablic (अक्षरात्मक) ?
5. अक्षर का नाम और ध्वनि मान देवनागरी की तरह एक हो या अंगरेजी तथा उर्दू की तरह अलग—अलग ? या फिर और कोई नया तरीका ?
6. संयुक्ताक्षर के लिए अलग से लिपि चिन्हक रखे जाएं या नहीं
7. लिपि चिन्हो्ं की संख्या कितनी हो? आदि .....आदि ......।

अंत में सामाजिक निर्णय के आधार पर — आदिवासी परम्परा, संस्कृति एवं ध्वनि विज्ञान के सिद्धांतों के आधार पर एक वर्णमाला तैयार किया गया। वर्णमाला के लिए —

(क) सर्वप्रथम मूल ध्वनियों का संकलन किया गया।

(ख) लिपि चिन्ह हेतु अलग—अलग संकेतों का संकलन किया गया। फिर .....

(ग) हिन्दी तथा अंगरेजी समझ की तरह उससे मिलता—जुलता वर्णमाला किया गया, सर्वप्रथम 1993 ई0 में समाज के लोगों के सामने प्रदर्शनी के लिए रखा गया।

3. लिपि का आरंभिक स्वरूप :—

कई वर्षों के कड़ी मेहनत के बाद एक वर्णमाला तैयार हुआ जिसे राँची कॉलेज, राँची के सभागार में हुए करम पूर्व संध्या समारोह 1993 में प्रदर्शनी हेतु रखा गया तथा लगातार कई संशोधन के साथ जनवरी 1994 में ''कुँड़ुख़ तोलोंग सिकि

अरा बक्क गढ़न'' नामक एक हस्त लिखित वर्णमाला पुस्तिका छपी। इसका लोकार्पण एवं प्रदर्शनी 18 से 24 फरवरी 1994 में हुए हिजला मेला दुमका में हुआ। इन प्रदर्शनियों में कई प्रश्न खड़े हुए और इन प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़ने के लिए डॉ. नारायण उराँव कई भाषाविदों से मिले। इसी क्रम में वे 1996 में सेन्टरल इंस्टिच्यूट ऑफ इंडियन लैंगवेज, मैसूर (भारत सरकार) के प्रोफेसर डॉ० फ्रांसिस एक्का से पटना में मुलाकात कर उनसे दिशा निर्देश प्राप्त किये। डॉ0 एक्का द्वारा सुझाव दिया गया कि – ''डॉ. नारायण, IAP के सिद्धांत पर काम करें।'' परन्तु विज्ञान की भाषा को समझ पाना आसान बात नहीं था। डॉ० नारायण उराँव भी डॉ. एक्का के सुझाव पर कार्य करने में उलझ गए, पर उन्होंने संकल्प नहीं छोड़े और आगे बढ़ते गये।

इसी बीच उराँव समाज का परम्पारिक सामाजिक संगठन ''राजी पड़हा, भारत'' का राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 3–5 जनवरी 1997 को बम्भनडिहा, लोहरदगा में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेषन में कुँडुख़ भाषा की लिपि विषय पर भी चर्चा हुई। इस परिचर्चा में ''कुँडुख़ तोलोंग सिकि अरा बक्क गढ़न'' प्राथमिक पुस्तिका के माध्यम से तोलोंग सिकि (लिपि) की प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया, परन्तु राजी पड़हा देवान श्री भिखराम भगत जी ने तत्कालीन सांसद, लोहरदगा श्री इन्द्रनाथ भगत के साथ विचार–विमर्श कर कहा कि – जबतक कुँडुख़ भाषा का व्याकरण, नई लिपि अर्थात तोलोंग सिकि में समाज के सामने नहीं आयेगा तबतक इस नई लिपि को सामाजिक मान्यता दिये जाने में कठिनाई है। इसलिये लिपि के साथ इसका व्याकरण भी समाज के सामने लाया जाए। श्रद्धेय भिखराम भगत के इस वचन में नई लिपि के साथ उसका व्याकरण की बात युक्ति संगत रहा हो या फिर इस मुद्दे को यूनिवर्सिटी स्तर के विद्वतजनों के मार्ग दर्शन की बातें रही हों, पर समाज के अग्रणी सामाजिक चिंतकों ने अपनी जनभावनाओं को स्पष्ट किया, जो किसी नई लिपि की मान्यता के लिए आवष्यक समझा जाता है।

असहमति एवं सुझाव :– श्रद्धेय श्री भिखराम भगत जी, ''कुँडुख़ तोलोंग सिकि अरा बक्क गढ़न'' पुस्तिका के माध्यम से की गई प्रस्तुति से असहमत हुए और उन्होंने सुझाव दिया कि – कुँडुख़ खोंड़हा गे मण्डी गा ख़क्खरा, मुन्दा मण्डी संग्गे अमख़ी हूँ दरकार मनी, अवंगे अमख़ी हूँ ओन्दोरआ अर्थात लिपि के साथ उसका व्याकरण भी लाएँ, उसके बाद इन बातों पर आगे बात किया जाएगा।

सामाजिक संगठनों के उन बातों पर चर्चा–परिचर्चा करते हुए तथा भाषाविद् डॉ० फ्रांसिस एक्का के सुझाव में से कुछ ही तथ्यों को आधार लेकर एक नई पुस्तक लिखी गई, जिसका नाम है – ''ग्राफिक्स ऑफ तोलोंग सिकि''। इस पुस्तक का लोकर्पिण 05 मई 1997 में हुआ। वहाँ मुख्य अतिथि प्रभात खबर के मुख्य संपादक श्री हरिवंश जी थे तथा मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति डॉ0 रामदयाल मुण्डा जी थे। श्री हरिवंश जी, जो वर्तमान में राज्यसभा के उपसभापति हैं ने कहा – सूचना प्राद्यौगिकी का आकलन है कि पूर्व में 16,000 भाषाएँ बोली जाती थीं जो घटकर 6,000 रह गई हैं। भाषा संरक्षण के लिए किया जाने वाला आज का दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। परन्तु इस लोकार्पण समारोह के पूर्व वक्ता में से डॉ. बी.पी. केसरी का विचार भिन्न था। उन्होंने कहा – एखन दुनियाँ चांद में पोंहईच गेलक, लकिन ई जगन आदिवासी मन कबिला–कबिला कर बात करऽथँय। आदिवासी मन के देश कर मुख्यधारा से जुड़ेक चाही। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. मुण्डा ने कहा – ''आदिवासी मन के देश कर मुख्यधारा संगे जुड़के चाही, संगे–संगे आपन पुस्तैनी विरासत के बचाएक और जोगाएक ले भी काम करेक चाही। कहल जाएला कि भारत देश फूल कर गुलदस्ता हय, जेकर में सउब रकम कर फूल हय। उ गुलदस्ता में आपन गुलैची आउर गेंदा फूल कोन ठिना हय, उखे खोजेक कर परयास ई किताब में करल हय। एखन कर बेरा में आदिवासी भाषा कर विकास ले एगो आपन समाज आउर संस्कृति आधारित लिपि होवेक जरूरी हय, आउर उ लिपि भाषा विज्ञान कर सिद्धांत लेखे होवे।''

असहमति एवं सुझाव :– डॉ. रामदयाल मुण्डा जी ''ग्राफिक्स ऑफ तोलोंग सिकि'' पुस्तिका के वर्णमाला क्रम से असहमत थे। इस पुस्तिका में वर्णमाला क्रम देवनागरी के सदृश था। इस क्रम पर डॉ. मुण्डा जी कथन था कि – ''यह जरूरी नहीं है कि आदिवासी भाषा के लिए जो लिपि निर्धारित हो वह देवनागरी के समान ही हो। आदिवासी भाषा की लिपि की वर्णमाला में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक झलक दिखनी चाहिए और वह भाषा विज्ञान सम्मत हो।''

4. तोलोङ सिकि (लिपि) वर्णमाला का नवीन स्वरूप –

उक्त लोकार्पण समारोह में डॉ. मुण्डा जी के सुझाव के अनुरूप वर्णमाला निर्धारण हेतु उराँव, मुण्डा, खड़िया, हो, संताल आदि भाषा के तमाम विद्वानों की एक बैठक जून 1997 में सत्य भारती, राँची में हुई, जहाँ समाज सह सांस्कृतिक

आधारवाली तथा भाषा विज्ञान के सिद्धांत पर आधारित वर्णमाला क्रम प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्व सहमति से उपस्थित सदस्यों ने पारित एवं स्वीकृत किया। उसके बाद कार्य आगे बढ़ने लगा और अवरोध घटता गया। फिर जनवरी 1998 में भाषाविद् डॉ0 एक्का राँची आये हुए थे। उन्होने डॉ0 रामदयाल मुण्डा डॉ0 निर्मल मिंज फादर प्रताप टोप्पो आदि को साथ लेकर डॉ0 एक्का से मिले। दो दिन विचार–विमर्श के बाद निर्णय हुआ – आदिवासी समाज को एक नई लिपि की आवश्यकता है। नई लिपि सामाजिक एवं सांस्कृतिक आधार वाली हो तथा तकनीकि संगत (कम्पटिबल) हो। इसके बाद लिपि विकास में शिक्षाविद् भी जुड़ने लगे और 15 मई 1999 को पूर्व कुलपति डॉ. रामदयाल मुण्डा एवं पूर्व कुलपति डॉ. इन्दु धान द्वारा संयुक्त रूप से तोलोंग सिकि लिपि को समाज के व्यवहार के लिए लोकार्पित किया गया। उसके बाद लोग समाज द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ाई–लिखाई करने लगे।

तोलोंग सिकि वर्णमाला का नवीण स्वरूप अपने तरीके का अनोखा है। इसमें स्वर वर्ण – इ ए उ ओ अ आ क्रम में सजाया गया है। इस लिपि से कुँडुख़ बोलचाल के कुल 36 स्वर ध्वनि (मूल स्वर एवं संयुक्त स्वर) को 6 मूल स्वर चिन्ह एवं 6 सहायक चिन्ह के जरीये लिखा जाता है। इसी तरह वर्णमाला का व्यंजन वर्णक्रम प् फ् ब् भ् म्/त् थ् द् ध् न्/ट् ठ् ड् ढ् ण्/च् छ् ज् झ् ञ्/ क् ख् ग् घ् ङ्/य् र् ल् व् ञ़्/स् ह् ख़् ड़् ढ़् की तरह है। इनमें से कुल 35+1=36 (मूल व्यंजन 35 एवं व्यंजन अ़् 1) व्यंजन है। नवीन स्वरूप का वर्णमाला क्रम सामाजिक विज्ञान तथा भाषा विज्ञान के सिद्धांत पर आधारित है। (देखें वर्णमाला चार्ट)।

डॉ० भोलानाथ तिवारी की पुस्तक ''भाषा विज्ञान'' में वैज्ञानिक लिपि के गुण पर चर्चा किया गया है :– विष्व की कोई भी लिपि सभी दृष्टियों से पूर्णतः वैज्ञानिक नहीं है, किन्तु पूर्णतः वैज्ञानिक लिपि की की कल्पना की जा सकती है और उसके मुख्य गुण गिनाये जा सकते हैं –

(1) वैज्ञानिक लिपि को वर्णात्मक होना चाहिए, आक्षरिक नहीं। अर्थात, उसके लिपि–चिह्न भाषा में प्रयुक्त हर व्यंजन एवं हर स्वर के लिए अलग–अलग होने चाहिए। उल्लेख है कि नागरी में क, ख, ग आदि व्यंजन चिह्नों में व्यंजन तथा स्वर मिले हुए हैं, अर्थात वह वर्णात्मक नहीं है, आक्षरिक है।

(2) लिपि में भाषा विशेष में प्रयुक्त हर ध्वनि (व्यंजन एवं स्वर) के लिए लिपि चिह्न होने चाहिए। न कम न अधिक। नागरी में दंतोष्ठ्य व के लिए लिपि चिह्न नहीं हैं।

(3) एक चिह्न से केवल एक ध्वनि व्यक्त होनी चाहिए, एकाधिक नहीं। नागरी में व – से कई ध्वनियाँ व्यक्त हैं।

(4) एक ध्वनि के लिए केवल एक लिपि चिह्न होनी चाहिए, एकाधिक नहीं। हिन्दी भाषा की दृष्टि से एक ही ध्वनि के लिए नागरी में रि – ऋ, ष – ष चिह्न हैं।

(5) लेखन एवं लिपि चिह्नों को उसी क्रम में आना चाहिए जिस क्रम में उसका उच्चारण किया जाता है।

(6) दो चिह्नों को एक पढ़े जाने का भ्रम नहीं होना चाहिए। नागरी में है, जैसे – घ–ध, म–भ, रा–ष, ख–रव तथा रा (र् आ) –रा (रा का आधा) आदि में। इसके अतिरिक्त लेखन, टंकन तथा मुद्रण आदि की व्यवहारिक दृष्टि से भी कई बातें कही जा सकती है।

5. तोलोंग सिकि का आधार :–

तोलोंग सिकि (लिपि) का आधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथा पूर्वजों द्वारा संरक्षित प्रकृतिवादी सिद्धांत है। हवा का बवण्डर (बईरबण्डो) समुद्र का चक्रवात अधिकांश लताओं का चढ़ना आदि प्राकृतिक चीजें घड़ी की विपरीत दिशा में सम्पन्न होती है। प्रकृति के इन रहस्यों को आदिवासी पूर्वजों ने अपने जीवन में उतारा और जन्म से लेकर मृत्यु तक के अनुष्ठान घड़ी की विपरीत दिशा में सम्पन्न करने लगे। हल चलाना जता चलाना छिरका रोटी पकाना अभिवादन करना नृत्य करना चाःला अयंग थान का पूजा पद्धति, देबी अयंग थान का पूजा विधि, डण्डा कट्टना अनुष्ठान आदि क्रियाएँ घड़ी की विपरीत दिशा में सम्पन्न होती है। खगोलीय तथ्य है कि संसार में अधिक से अधिक प्राकृतिक घटनाएँ घड़ी की विपरीत दिषा में ही सम्पन्न होती है। ब्रह्मांड में पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर घड़ी की विपरीत दिषा में परिक्रमा किये जाने से प्रकृति के सभी क्रिया–कलाप इससे प्रभावित होती हैं। इन प्राकृतिक क्रिया–कलापों एवं सामाजिक सह सांस्कृतिक अवदानों को आदिवासी पोषाक तोलोङ की कलाकृति से जोड़कर भाषा विज्ञान के सिद्धांत पर यह लिपि स्थापित है।

तोलोङ सिकि एक वर्णात्मक लिपि है इसलिए कुँडुख़ भाषा जो एक योगात्मक भाषा है को लिखने में उसके योगात्मक उच्चारण के अनुसार लिखा एवं पढ़ा जाता है।

इसमें हलन्त का प्रयोग नहीं होता है। बोलचाल में कुँडुख़ को योगात्मक तरीके से खण्ड–ब–खण्ड उच्चरित किया जाता है। इस लिपि के अधिकतर वर्ण वर्तमान घड़ी के विपरीत दिशा (Anti Clockwise Direction) में व्यवस्थित है।

6. तोलोंग सिकि का गुण :–

उराँव समाज में बच्चा जब बोलना सीखता है तो उसे सबसे आसान एक आक्षरिक शब्द से सिखलाना आरंभ किया जाता है, उसके बाद द्विआक्षरिक आसान शब्द सिखलाया जाता है।

(i) बच्चे के लिए सबसे आसान प – ब – म आदि एक आक्षरिक षब्द है तथा पपा – बबा – ममा आदि द्विआक्षरिक आसान शब्द होता है। शिशु चिकित्सकों का मानना है कि बच्चा अपनी माँ का दूध पीते हुए अपने ओठ को मजबूत बना लेता है और ओठ के सटने से निकलने वाली ध्वनि प वर्गीय ध्वनि बच्चे के लिए आसान हो जाती है। उराँव समाज में बच्चे को भाषा सिखलाने के उदेश्य से वाल्यावस्था में रोटी को दिखाकर पपा बोलवाया जाता है तथा भात को दिखलाकर ममा बोलवाया जाता है। जबकि कुँडुख़ भाषा में रोटी को असमा तथा भात को मण्डी कहा जाता है। इन्हीं सब गुणों के चलते इस लिपि का वर्णमाला इ से तथा प से आंरभ हुआ है।

(ii) देवनागरी लिपि के वर्णमाला में से क्ष त्र ज्ञ श्र ष ष ऋ वर्ण के लिए अलग से लिपि चिन्ह नहीं हैं।

(iii) तोलोंग सिकि (लिपि) वर्णमाला में स्वर वर्ण के रूप में मूल 6 वर्ण हैं तथा वर्णमाला – इ ए उ ओ अ आ के क्रम में व्यवस्थित है। व्यंजन वर्ण प् – ब् – म् के क्रम में है।

(iv) तोलोंग सिकि से कम्प्यूटर टाइपिंग आसान है और हिन्दी से काफी कम Special Character कम है।

(v) तोलोङ सिकि एक वर्णात्मक लिपि है, इसलिए अक्षरात्मक लिपि की तुलना में इसे लिखने–पढ़ने तथा समझने–समझाने में आसानी होती है, जो भाषा विज्ञान सम्मत है।

(vi) तोलोङ सिकि में स्वर वर्ण के 6 मूल संकेत चिन्ह हैं तथा 6 सहायक चिन्ह हैं एवं व्यंजन वर्ण के कुल 35 चिन्ह हैं।

(vii) भाषा विज्ञान की दृष्टि से कुँडुख़ भाषा में 40 स्वर ध्वनि तथा 36 व्यंजन ध्वनि हैं।

(viii) कुँडुख़ भाषा की इन 40 + 36 = 76 ध्वनियों को 35 + 6 + 6 = 47 संकेत चिन्हों से लिखा जाता है। जैसा कि अंगरेजी बोलचाल की 44 ध्वनियों को 26 ध्वनि चिन्हों से लिखा जाता है। इसी तरह वैदिक संस्कृत के 132 स्वर ध्वनियों को लिखने के लिए 6 + 18 = 24 संकेत चिन्हों से तथा 37 व्यंजन ध्वनि को 37 संकेत चिन्हों से लिखा जाता है।

B. नया राज्य झारखण्ड और आदिवासी भाषा एवं लिपि :–

1. तोलोंग सिकि (लिपि) का कम्प्यूटर फॉन्ट केलितोलोंग का विकास –

इस कार्य में समाज के कई लोग आगे आये। वर्ष 2002 में कम्प्यूटर फॉन्ट विकसित किया जाना सचमुच बड़ी उपलब्धि है। इस कड़ी में झारखण्ड निवासी पेशे से पत्रकार श्री किसलय जी ने अपने लगन और जुनून से एक असंभव से कार्य को संभव किया और नवम्बर 2002 में प्रथम संस्करण निःशुल्क लोकार्पित किये। इसका परिष्कृत संस्करण 2017 में लोकार्पित हुआ। यह फॉन्ट का कीबोर्ड प्लानिंग डॉ. नारायण उराँव एवं किसलय जी ने मिलकर तय किया। फिर इसे यूजर्स के व्यवहार एवं समझ पर रिभाइज किये। लिपि चिन्हों के साथ यूजर्स के सलाह पर भी ध्यान दिया गया। इस फॉन्ट का नाम kellytolong है और यह फॉन्ट kurukhtimes.com एवं tolongsiki.com पर निःशुल्क उपलब्ध है। इस संबंध में किसलय जी की जुबानी कुँडुख़ पत्रिका बक्कहुही अंक 6 जनवरी–मार्च 2018 पढ़ें।

2. लिपि विकास को विद्यालय से जोड़ना तथा पढ़ाई–लिखाई में शामिल करना –

यह सबसे कठिन घड़ी थी। पर समाज के लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और कारवाँ बढ़ता गया। कई लोग ग्रामीण स्तर पर छोटे–छोटे स्कूल चलाने लगे हैं। इनमें से एक नाम है – डॉ. जेफ्रेनियुस बखला उर्फ डॉ. एतवा उराँव जिन्होंने कुँडुख़–अंगरेजी मिडियम स्कूल आरंभ किया और वर्ष 2009 में वहाँ के छात्र कुँडुख़ भाषा विषय की परीक्षा तोलोंग सिकि लिपि में ही लिखे। इसी तरह सिसई (गुमला) थाना क्षेत्र में 5 – 7 गाँव के लोग मिलकर एक हाई स्कूल चला रहे हैं। यहाँ वे हिन्दी अंगरेजी और कुँडुख़ भाषा पढ़ाया जाता है। अब इन क्षेत्रों में एक होड़ लगी हुई है कि वे अपने बच्चों को भाषायी स्कूल भेजा करेंगे। परम्परिक पाठशाला धुमकुड़िया का पुनर्गठन किया जा रहा है। यहाँ बच्चे भाषा

संस्कृति के साथ लिखना–पढ़ना भी सीखते हैं। वैसे झारखण्ड के राँची विश्वविद्यालय राँची में बी.ए. एम.ए. एवं पीएच.डी. आदिवासी भाषा विषय में किये जा रहे हैं पर तोलोंग सिकि के विकास के संदर्भ में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग अबतक खामोश है। वैसे इस लिपि के विकास में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रामदयाल मुण्डा जी का योगदान अतुलनीय है। वर्तमान में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की चुप्पी चिंतणीय विषय है, पर हो सकता है वहां यू.जी.सी. के मार्ग दर्शन का इंतजार किया जा रहा हो। इधर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 आने वाले 2022 से आरंभ करने जा रही है, जिसके तहत 1 से 5 तक मातृभाषा के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा दिया जाना है। झारखण्ड सरकार ने 2022 से पांच आदिवासी भाषा (कुँड़ुख़, मुण्डा, खड़िया, हो, संताल) में मातृभाषा शिक्षा हेतु विद्यालयों का चयन तथा प्रशिक्षण कर लिया गया है।

3. तोलोंग सिकि से संबंधित पाठकों के लिए प्रकाशित पुस्तकें –

क) कइलगा (ब्रीज कोर्स के लिए) – प्रकाशक : सत्य भारती रांची।

ख) पुना चन्ददो (ब्रीज कोर्स के लिए) – झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग।

ग) पुना तुड़ुल (ब्रीज कोर्स के लिए) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

घ) अयंग कोंयछा (ब्रीज कोर्स के लिए) – तकनीकी सहायता टी.सी.एस (टाटा स्टील फाउण्डेशन की ईकाई)

ङ) कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा – प्रकाशक : सत्य भारती रांची।

च) कुँड़ुख़ कत्थअईन अरा पिंजसोर – प्रकाशक : सत्य भारती रांची।

छ) पुना बीनको (भाग 2 / देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

ज) पुना बीनको (भाग 3 / देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

झ) पुना बीनको (भाग 4 / देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

ञ) पुना बीनको (भाग 5 / देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

ट) सेन्दरा चन्ददो (कक्षा 8 के लिए/ देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

ठ) फग्गू चन्ददो (कक्षा 9, देवनागरी में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा, राँची।

(ड) ख़द्दी चन्ददो (कक्षा 10 देवनागरी में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

ढ) ईन्नलता कुँड़ुख कत्थअईन – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा, रांची।

ण) ख़द्दी चन्ददो (कक्षा 10 तोलोंग सिकि में) – प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा रांची।

(त) चींचो डण्डी अरा ख़ीरी (देवनागरी एवं तोलोंग सिकि में) – तकनीकी सहायक : टी.सी.एस. (टाटा स्टील फाण्उडेशन की ईकाई)।

थ) तोलोंग सिकि का उद्‌भव एवं विकास – प्रकाशक : नव झारखण्ड प्रकाशन, राँची।

4. कुँड़ुख़ भाषा एवं तोलोंग सिकि की पढ़ाई इन विद्यालयों में हो रही है –

क) कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा लूरएड़पा लूरडिप्पा भगीटोली डुमरी गुमला।

ख) जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर घाघरा गुमला।

ग) कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विकास विद्यालय रातू रांची।

घ) कार्तिक उरांव आदिवासी कुँड़ुख़ विद्यालय मंगलो सिसई गुमला।

ङ) कार्तिक उराँव आदिवासी कुँड़ुख़ विद्यालय छारदा सिसई गुमला।

च) कार्तिक उराँव आदिवासी कुँड़ुख़ विद्यालय, निजमा, गुमला।

छ) बुधूबीर लूरकुड़िया, मेरले, किसको, लोहरदगा।

ज) बीर बुधू भगत कुँड़ुख़ लूरकुड़िया, सैन्दा, सिसई गुमला।

झ) प्रस्तावित कुँड़ुख लूरकुड़िया, शिवनाथपुर, सिसई, गुमला।

ञ) सात पड़हा कुँड़ुख़ लूरकुड़िया, पलमी, भंडरा लोहरदगा।

ट) कार्तिक उराँव लूरकुड़िया, जोंजरो नामनगर, कुडु लोहरदगा

ठ) जय सरना लूरकुड़िया, देवाकी, घाघरा, गुमला।

ड) अयंग शिक्षा निकेतन, गुड़गुड़जाड़ी, माण्डर, राँची।

ढ) जोहार विद्या विद्यालय, झटनी टोली, सिसई गुमला।

ण) लिटिबीर कुँड़ुख़ एकेडमी, पुटो–तिलसिरी, घाघरा, गुमला।

त) बी.के.इंडिज्नस एकेडमी ओप्पा कुडु चान्हो लोहरदगा।

5. वर्तमान समय की नई लिपि को लोकप्रिय बनाने हेतु आवश्यक उपाय : –

(क) कुँड़ुख़ भाषी क्षेत्रों में 1–12 तक त्रिभाषा फॉरमुला पर कुँड़ुख़ भाषा एवं तोलोङ सिकि स्कूल पाठ्क्रम में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही शिक्षकों की बहाली एवं प्रशिक्षण हो तथा पाठ्य पुस्तक छपवा कर वितरण हो। राज्य सरकार इन कार्यों में मदद करे।

(ख) विश्वविद्यालय स्तर पर कुँड़ुख़ भाषा की पढ़ाई के पाठ्क्रम में तोलोङ सिकि लिपि भी शामिल हो तथा अग्रेतर शोध प्रबंध हो।

(ग) मासिक पत्रिका का प्रकाशन हो तथा छोटी–छोटी डॉक्यूमेंट्री फिल्में बने। राज्य सरकार इसमें मदद करे।

(घ) जल्द ही यूनिकोड विकसित हो जिससे उपयोक्ता अपनी भाषा को अपने मोबाइल में व्यवहार कर सकें। सरकार इन कार्यों को प्रोत्साहित करे।

(ङ) वेब वर्जन पर कार्य हो। इस कार्य में सरकार मदद करे। अबतक सामाजिक प्रयास से kurukhtimes.com नामक वेब पत्रिका, 2 वर्ष से चलाया जा रहा है तथा tolongsiki.com नामक वेबसाइट उपयोक्ताओं के लिए उपलब्ध है।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. डॉ॰ नारायण उराँव 'सैन्दा' – तोलोंग सिकि का उद्भव एवं विकास। (2003)
2. डॉ॰ नारायण उराँव 'सैन्दा' – कुँड़ुख़ कत्थ अईन अरा पिंजसोर (2011)
3. डॉ॰ भोलानाथ तिवारी – 'भाषा–विज्ञान', पुर्नमुद्रण (2018), पृष्ठ 493 –494.
4. डॉ॰ नारायण भगत एवं डॉ॰ नारायण उराँव 'सैन्दा' – ईन्नलता कुँड़ुख़ कत्थअईन। (2018)
5. कुँड़ुख़ त्रैमासिक पत्रिका – बक्कहुही। (नवम्बर–दिसम्बर 2016), पृष्ठ 4, 6 एव ं 34.
6. कुँड़ुख़ त्रैमासिक पत्रिका – बक्कहुही। (अंक 2, जनवरी–मार्च 2017), पृष्ठ 13 और 35.
7. कुँड़ुख़ त्रैमासिक पत्रिका – बक्कहुही। (अंक 3, अप्रैल–जनू 2017), पृष्ठ 03–05 एवं 24–25.
8. कुँड़ुख़ त्रैमासिक पत्रिका – बक्कहुही। (अंक 5, अक्टुबर –दिसम्बर 2017), पृष्ठ 11–14 एवं 35.
9. कुँड़ुख़ त्रैमासिक पत्रिका – बक्कहुही। (अंक 6, जनवरी –मार्च 2018), पृष्ठ 03 – 04 एवं 32 –34.
10. कुँड़ुख़ टाइम्स वेब वर्जन पत्रिका का त्रैमासिक मुद्रित संस्करण, अंक 1 एवं 2. (2021–2022)
11. वेब www.tolongsiki.com
12. वेब https://kurukhtimes.com?

* संकलन – शोधार्थी, कुँड़ुख़ (टी.आर.एल.)
राँची विश्वविद्यालय राँची।
मो॰न॰ – 9931202070

लेखक बनें और पाठक बनाएं :–

यह कुडुख टाइम्स डॉट कॉम वेब पत्रिका नये लेखकों एवं विचारकों के लिए समर्पित है। यह पत्रिका तोलोंङ सिकि (लिपि) के विकास हेतु समर्पित है। आप अपना बहुमूल्य समय और विचार इस पत्रिका के माध्यम से जनसाधारण तक पहुंचा सकते हैं। आपकी लेखनी आदिवासी समाज के लिए व्यर्थ नहीं होगी। अभी जरूरत है आप जैसे चिंतकों और लेखकों का परम्परागत आदिवासी समाज को जरूरत है।

– कुडुख टाइम्स डॉट कॉम
उप संपादक

5. पारम्परिक उराँव (कुँड़ुख) समाज की सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक विरासत

– डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा'

साधारणतया, लोग कहा करते हैं – आदिवासियों का कोई धर्म नहीं है। इनका कोई आध्यात्मिक चिंतन नहीं है। इनका विश्वास एवं धर्म अपरिभाषित है। ये पेड़–पोधों की पूजा करते हैं .... आदि, आदि। इस तरह के प्रश्नों एवं शंकाओं को प्रोत्साहित करने वालों से अगर पूछा जाय – क्या, वे अपने विश्वास, धर्म आदि के बारे में जानते और समझते हैं? यदि इस तरह के प्रश्न करने वाले सचमुच अपने विश्वास, धर्म के बारे में जानते हैं, तो उनके द्वारा आदिवासियों के बारे में इस तरह के लांछण लगाये जाने का औचित्य नहीं है और यदि उन्हें अपने बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते है तो उन्हें समझाया जाना भी आसान नहीं है।

वैसे अध्यात्म एक गूढ़ विषय है जिसकी गहराई तक कुछ ही लोग पहुँच पाते हैं। मुझे अध्यात्म जैसे गूढ़ विषय पर तनिक भी पकड़ नहीं है फिर भी प्रस्तुत शीर्षक के माध्यम से आदिवासियों पर हो रहे बौद्धिक और वैचारिक अवमूल्यन के प्रति लोगों का ध्यान आकृषाट करने का मेरा छोटा सा प्रयास है। ध्यातव्य हो कि आदिवासी परम्परा में भी अध्यात्म की सारी बातें थीं और हैं, किन्तु सरसरी नजर से देखने पर पेड़–पौधे नजर आयेगें। अध्यात्मिक अवधारना में सबसे अधिक जरूरी है ईष्वर की परिकल्पना एवं मान्यता। दूसरा महत्वपूर्ण अवयव है आत्मा या अन्तर्रात्मा। विद्वत्तजनों का कहना है कि आत्मा का परमात्मा के साथ आत्मिक संबंध जोड़ना ही अध्यात्मिकता का सार है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उठता है – क्या, आदिवासी विष्वास, धर्म में ईश्वर की परिकल्पना है अथवा नहीं ? उसी तरह आत्मा के संबंध में आदिवासियों की मान्यता किस प्रकार है ? इन तथ्यों को समझने के लिए परम्परागत उराँव (कुँड़ुख़) आदिवासी समाज में प्रचलित अनुष्ठानों एवं अवधारनाओं पर गौर किया जाना चाहिए तथा कुँड़ुख़ (उराँव) भाषा की निम्नांकित शब्दावली पर मनन–चिंतन किया जाना चाहिए :–

1. **धरमे ([illegible])** :– एका सवंग सँवसेन धर'ई आ:दिम धरमे अरा एका सवंग धरना जो:गे रअ़ई आ:दिम धरमे अर्थात वह शक्ति जो समस्त सृष्टि को संचालित करती है तथा वह शक्ति जो अनुकरण करने योग्य है, कुँड़ुख़ में धरमे (ईश्वर) का यही अर्थ है। धरमे बि'ई। धर (धरना)+मे (मे:न)।
2. **धरती अयंग ([illegible])** : धरती अयंग। धरती अयंग बि'ई। धरती माता।
3. **धरमी सवंग ([illegible])** :– धरमे सवंग तरती चाजरका नेम्हा सवंग। धरमी सवंग बि'ई।
4. **सँवसिरा ([illegible])** :– सँवसे + सिरा = सँवसिरा (प्रकृति)। सँवसे = समस्त, सिरा = उद्‌गम स्थल। ख़ज्ज अरा ख़े:ख़ेल नु तंगआ ती सिरजारना दरा ख़ो:रना सवंग अड्‌डा। ई ख़ज्ज अरा ख़े:ख़ेल (सृजन का मूल श्रोत अर्थात सृजन करने वाली धरतीं एवं उसके अवयव) नु सिरिजतारना अरा सिरिजताअ़ना सवंग अड्‌डा। चिच्च, चें:च, ता:का, धरती, अकास उरमी सवंग सिरिजतु'उ सवंग गही सिरिजताअ़ना सवंग तली। वह जो मानव द्वारा निर्मित न हो। प्राकृतिक, nature, natural.
5. **मय्‌हदेव ([illegible])** :– मया ननु (मया–दया करने वाला) देव, मय्‌याँ ता देव (उपर वाला दैवीय शक्ति) मय्‌हा (दयालु) देव। मय्‌हदेव्‌स बेअ़दस। वेदों में महादेव शब्द नहीं है।
6. **परबईत ([illegible])** :– परबस्ती ननु (पालन–पोषण करने वाली) मया (माया)। परबईत बी'ई।
7. **चन्ददो–बीःड़ी ([illegible])** :– प्रकृति में सूर्य, उर्जा एवं प्रकाश का शाश्वत श्रोत है।
8. **करम देव ([illegible])** :– करम पूजा में, करम के देव स्वरूप की पूजा होती है। कहीं भी हे करम पेड़ या करम डाली कहकर पूजा नहीं होती है। करम देव या करम राजा कहकर पूजा होती है। नाम के जाप में शक्ति स्वरूप का आह्‌वान किया जाता है।
9. **चा:ला अयंग ([illegible])** – चाल चिअ़उ अयंग। सरहुल के दिन पेड़ की छाया में, चारो दिशा में रूख कर पूजा होती है किन्तु आह्वान् एवं मंत्रोचारण में किसी पेड़ के नाम से पूजा नहीं होती है। वहाँ पर धरमे एवं धरमी सवंग अर्थात ईश्वर एवं ईश्वरीय शक्तियों की पूजा होती है।
10. **देबी अयंग ([illegible])** :– दव ननु मे:द मलका मुक्का छाव नु संगरा चिअ़उ सवंग (बिना देहधारी, महिला रूप में अच्छाई करने वाली शक्ति स्वरूपा)। देवाँ बि'ई। देवाँ+बी'ई = देबी। देबीगुड़ी = देबी सवंग गुँडुरका अड्‌डा। देवाँ = good spirit (in HO Language also)
11. **पुरखा–पचबल ([illegible])** :– पांच पीढ़ी तक के पूर्वज। कुँड़ुख़ परम्परा में मृत्यु के पश्चात्

शरीर को दफनाया/जलाया जाता है तथा मृतक की आत्मा को एःख़ मंक्खना (छाया भितराना) अनुष्ठान कर घर में स्थान दिया जाता है तथा उस आत्मा को पूर्वजों की आत्मा के साथ सम्मिलित होने या उस मृतक की आत्मा के लिए पूर्वजों के नाम पर अनुष्ठान किया जाता है। साथ ही विभिन्न अवसरों पर उनके नाम से तर्पन एवं भोग दिया जाता है। उराँव लोगों की मान्यता है कि ईश्वर एवं उनके पूर्वज हमेशा उनकी मदद एवं देखभाल करते हैं।

12. **जिया ([illegible]) (हाँस)** :– आत्मा, अन्तर्रात्मा। जिया दिम उंग्गी अरा जिया दिम पुल्ली। कुँडुख़ परम्परा में धरमे सवंग (सर्वशक्तिमान ईष्वर) एवं जिया सवंग (अन्तर्रात्मा) सिर्फ इन्ही दो तत्वों को उंग्गु सवंग अथवा सामर्थ्यवान कहा गया है।

13. **देव ([illegible])** :– दव ननु मेःद मलका आल मलता आःलो छाव नु संगरा चिअ़उ सवंग (बिना देह–शरीर के मानव या मानवेतर रूप में अच्छाई करने वाली षक्ति)।

14. **नाद ([illegible])** :– नंद'उ मलता नंदना ननु सवंग (विनाश करने वाला या कष्ट देने वाला)। कुँडुख़ जीवन में कुछ लोग अपने हिस्से की सम्पत्ति से अधिक सम्पत्ति और ताकत अर्जित करने के लिए जीवात्मा या भटकती हुई आत्मा की साधना कर अपने वंश में करते हैं तथा दूसरे को दुख पहुँचाने में उस नाद की मदद लेते हैं।

15. **पद्दा ([illegible])** :– गाँव। एकअम आःलर ही पाःदा अड्डा दिम पद्दा तली। पद्दा पँचेती :– ग्रामसभा। एकअम आःलर ही पाःदा अड्डा दिम पद्दा तली। पद्दा–पल्ली, पद्दा–पाट।

16. **एड़पा ([illegible])** :– घर। एकदद तंगहय उला एड़'ई अरा ओहारी ननी। लूरएड़पा :– लूर गे ईड़'उ एड़पा। मूली–एड़पा, मण्डी–एड़पा, कोठा–एड़पा, खुपी–एड़पा, जोंःख़–एड़पा, पेल्लो–एड़पा।

17. **अखड़ा ([illegible])** :– अख़ना + खटना + अड्डा (अख़आ गे खटना अड्डा/ज्ञान के लिए श्रम स्थल तथा निर्णय करने का स्थल)।

18. **धुमकुड़िया ([illegible])** :– धुम–ताअ़ कुड़िया, धुम–धुम कुड़िया। धुम–ताअ़ नलना बेःचना अख़ना अड्डा (एक बुजुर्ग अपने नाती–पोते से बोला करते हैं, गुचा नतिया धुम–ताअ़ बेःचा। अर्थात बचपन में अनुशासित तरीके से खेल–खेल में जीवन जीने का तरीका सीखना और सिखलाना), कुड़िया का अर्थ छोटा घर या केन्द्र अथवा सेन्टर। अभी भी गांव में जब लड़के–लड़कियाँ अच्छे से नाच–गान करते हैं तो बुजुर्ग बोला करते हैं – इन्ना गा जोंःख़र–पेल्लर अकय दःव बिच्चयर, धुम–धुम ख़रखा लगिया। इसी तरह लड़के–लड़कियाँ जब मौसम के अनुरूप नाच–गान नहीं करते हैं तो बुजुर्ग वर्जना करते हैं – नीःम जोंःख़र–पेल्लर दःव मल बेःचा लगदर, धम्म–धुम्म ख़रखा लगी। धुमकुड़िया का अर्थ धुमसाःरना कुड़िया है अर्थात वैसा केन्द्र जहाँ से लोग विशिष्ट युवा के रूप में तैयार होकर निकलें।

19. **पड़हा ([illegible])** :– पड़ा (गाँव का समूह क्षेत्र) नु पाःड़ा अरा पड़ा नुम पड़गरआ। पड़हा का कार्य खून एवं वंश की शुद्धता बनाये रखना एवं सुरक्षा करना रहा है।

20. **बिसुसेन्दरा ([illegible])** – बसा नना गे सेन्दरा। परम्परागत उराँव (कुडुख़) समाज में प्रत्येक वर्ष बईसाक में बिसुसेन्दरा हुआ करता था, जहाँ समाज का विधान एवं दण्ड का निर्णय होता था।

21. **कुड़ुख़ ([illegible])** :– कुड़ना + अख़ना ती कुड़ुख़ मंज्जा। (ओःरे नु कुड़ना–मोःख़ना अख़'उर, कुड़ख़र बाःतारर अरा आःरिम नन्नारिन हूँ सिखाबाःचर। कुड़ना–मोःख़ना अख़कत ख़ने कुँड़ख़त, कुड़ना–मोःख़ना अक्खर ख़ने कुँड़ख़र, कुड़ना–मोःख़ना अख़कन ख़ने कुँड़ख़न, कुड़ना–मोःख़ना अख़कम ख़ने कुँड़ख़म, कुड़ना–मोःख़ना अख़कय ख़ने कुँड़ख़य। (आदिकाल में किसी जंगल में सूखे बाँस के आपसी घर्षण से चीं ..... चीं .... चीं .... चीं ... की आवाज निकलते–निकलते जो अद्भूद दृश्य (दावानल) नजर आया वह कुडुख़ भाषा में चीं .. चीं .. से चिच्च (अग्नि) कहलाया और जो अवशेष बचा वह चिन्द (राख) कहलाया। वह चिच्च से पूरा जंगल जलने लगा और पशु–पक्षी मरने लगे। चीं .. चीं .. से चिच्च कहने वाले लोग उन अधजले मांस को खाये और बाद में जानवरों के कच्चे मांस को आग में सेंककर खाने की विधि की खोज की तथा दूसरे समूह को भी सिखलाया। इस समूह द्वारा आग एवं आग में सेंककर खाने की विधि की खोज ने पूरे मानव समाज के जीने का तरीका बदल दिया और उनकी भाषा में वे कुड़ा अख़'उ यथा कुड़ा मोःख़ा अख़'उ से कुडुख़ कहलाये। आषय है, कुडुख़ पुरखे, आग एवं आग में कच्चे मांस को सेंक कर खाने की विधि की खोज किये और उन्हीं के द्वारा दूसरे लोगों तक पहूँचा। इस तथ्य को व्यवहार में रखने हेतु कुँड़ख़ पुरखों ने डण्डा कट्टना अनुष्ठान में ईश्वर के नाम से समर्पित चढ़ावे यानि अण्डा को आग में तपाकर (अतख़ा नु कुड़अर) उपस्थित पुरूषों के लिए प्रसाद स्वरूप वितरण किया जाता है, तत्पश्चात ही पूजा संपन्न होता

है।) अर्थात कुँड़ुख़ पूर्वजों ने ही अग्नि की खोज की और कच्चे मांस को पकाकर खाने सीखा तथा दूसरों को भी सिखलाया।

22. **उराँव (ꭶꮧꮭꮈ)** :– उयुर (हल चलाकर खेती करने वाले) + आँवा (घेराबंदी करके आग से जलाकर संजगी अथवा खेत तैयार किया जाना) – उराँव (हल चलाने वाले तथा घेराबंदी कर आग से जलाकर खेत तैयार करने वाले), उयुर गही गण – उरागण – उरागण ठकुर (उराँव राजघराना)। उर + आँव = उराँव – उरबस गही आँवा ती बछरका आःलर (ईष्वर की अग्नि वर्षा से बचे हुए लोग)।

23. **ओल्लगी (ꭷꮈꮈꮹꮑ)** :– ओंग्गना उलता अरा ओलता सवंगन लग्गना। कुँड़ुख़ संस्कृति में अभिवादन करते समय दोनों हाथ जोड़कर सिर नवाते हुए ओ'लगी कहा जाता है या बाँया हाथ से दाहिना हाथ को केहुनि से थोड़ा नीचे स्पर्ष करते हुए दाहिना हाथ को उठाकर शीश नवाते हुए ओ'ल्लगी कहा जाता है। ओलगी का शाब्दिक अर्थ ओंग्गनन लग्गना अर्थात सामने वाले व्यक्ति के अन्दर के सामर्थ्यवान को नमन करना। कुँड़ुख़ अध्यात्म एवं विश्वास में उंग्गु सवंग दो शक्ति को माना गया है – 1. धरमे सवंग (सर्वशक्तिमान) 2. जिया सवंग (अन्तर्रात्मा)। अभिवादन करते समय सामने वाले व्यक्ति के अन्तर्रात्मा को नमन किया जाता है।

24. **साःरना (ꮎꮁ:ꮧꮻꮁ)** :– एम्मबा साःरना, कीःड़ा साःरना, उम्हें साःरना – महसूस करना, आत्मसात करना, to feel & realised, to relate इत्यादि।

25. **सरना (ꮎꮧꮻꮁ)** :– स + र + न + आ । 'सिरजनन रम्फ ननु आःलोन साःरना दिम सरना।' सरनन साःरना दिम सरना। साःरना = महसूस करना, अनुभूति, to feel & realise.

सरना = सर + ना। सरना गही 'सर' बक्कमूली ही माने हिन्दी नु गतिमान अरा अंगरेजी नु Mobility मनी। कुँड़ुख़ नु नलख सरना गही माने एकअम छेका–छछंद (विग्घन–बाधा) मझी नु हूँ आ नलख ही बेड़ा सिरे मुंजुरना अख़तार'ई। ई लेखा ई सँवसिरा (प्रकृति) नु सिरिजारका उरमी दिम तंगआ डींड़ ताँड़का बेसे तंगआ बेड़ा अरा उल्ला खेप'ई। इस तरह जहाँ गति है वहाँ जीवन है और जहाँ जीवन है वहाँ गति है। ख़द्दी उल्ला चाःला टोंका नु पुजा–धजा ननना अरा मनना नु पद्दा सिञा ता उरमी आल–आःलो ही दव कुना उज्जा–बिज्जा अरा उल्ला खेपआ गे ओहरा–बिनती ननतार'ई। इदी गे धरमे अरा धरमी सवंग ती गोहरारना मनी का तंगआ पद्दा सिञा ता सँवसे सिरजन–बिरजन दव कुना उल्ला खेपअन नेकआ अरा मलदव आःलो पददा सिञा तरा अम्मबन कोरअन नेकआ। ई सँवसिरा नु ख़ेख़ेल, मेरख़ा, ताःका, चिच्च, चेंःप (पृथ्वी, आकाश, हवा, अग्नि, पानी) उरमी दिम सवंग बि'ई। अर्थात सरना मात्र पूजा स्थल भर नहीं, बल्कि सरना एक परम्परागत आदिवासी जीवन पद्धति का सारांश है। पेड़–पौधा, जंगल–पहाड़ इत्यादि आदिवासी जीवन में एक गुरू एवं आराध्य का प्रतीक है। 'सरना आदिवासी धरम' का यही कुँड़ुख़ मूलमंत्र है।

झारखण्ड के आष्ट्रिक मुण्डारी भाषा परिवार के अनुसार सरना शब्द का संबंध सारजोम से है। सरना समाज में सरना और सारजोम का संबंध अटूट है। सरना समाज, सारजोम को त्यागते ही अपने पथ से भटक जाता है। सारजोम को आस्था का केन्द्र बनाया जाना दूसरे धर्म में नहीं है।

26 **सँवसर (ꮎꮈꮎꮧ)** :– सँवसे + सर = सँवसर। सँवसे = समस्त, सर = गतिमान, प्राकृतिक। किसी भी स्थापित धार्मिक आस्था का प्रतिनिधित्व नहीं करने वालों के लिए यह शब्द का प्रयोग हुआ है। आदिवासी समाज में खाषकर कुँड़ुख़ समाज में सर = गतिमान अथवा प्रकृति के अर्थ में सर से सरना या सर से सरहुल शब्द का प्रचलन, व्यापक हुआ है। माँ के कोख से जन्म लेने के बाद बप्तिस्मा लेकर ईसाई हुआ जाता है। इसी तरह ईस्लाम को मानने के लिए अल्लाह, कुरआन शरीफ और पैगम्बर मोहम्मद को कबूल करना पड़ता है। इसी तरह हिन्दु कहलाने के लिए ब्राह्मणवादी व्यवस्था तथा जीवन शैली को स्वीकार करना पड़ता है। पर सँवसर कहलाने वाले वैसे लोगों का समूह है जो जन्म से ही, अपनी प्राकृतिक दशा में हों।

27. **धरमे, धरती अयंग अरा धरमी सवंग (ꮿꮧꮹꮩ, ꮿꮩꮑ ꭵꮈ ꮧꮁ ꮿꮧꮹꮑ ꮎꮧꮈ)** :– सर्वशक्तिमान ईश्वर, धरती माता (प्रकृति) एवं ईश्वरीय प्रेरणा श्रोतक शक्तियाँ (दृश्य–अदृश्य शक्तियाँ) आदि को त्रिशक्ति को आधार मानकर, आह्वान किया जाता है।

28. **बेंज्जा (ꮹꮩꮑꮻꮁ)** :– बन्दा बेसे बांजरना गे इंजिरना दिम बेंज्जा बि'ई। बिंज्जुर'उर + बिंज्जुर = बेंज्जा।

बेंज्जा के प्रकार – (i) मड़वा (मरजईद) बेंज्जा (ii) अतखा–पण्डी बेंज्जा (iii) संगहा (सगई) बेंज्जा (iv) पड़हा / सोहाडी (ढुकु) बेंज्जा (v) अनजतिया बेंज्जा (vi) Special marriage Act / कोर्ट बेंज्जा।

29. **बेंन्ज़ा अम्बता ([illegible])** :– बेंज्जा (बेंजेरना, विवाह करना) + अम्बता (अम्बतअना, त्यागने का प्रक्रिया करना) = तलाक (विवाह विच्छेद)। बेंजेरना (विवाह करना). + अम्बतअना (त्यागने की प्रक्रिया करना)।

30. **बिहउड़ी ([illegible])** :– बिंज्जुर गही हउड़ी = बिहउड़ी । बिंज्जुर = शादी करवाने वाले। हउड़ी = हउड़ाअ़ना ती हउड़ी मंज्जकी बि'ई। अर्थात शादी करवाने वालों द्वारा खोज–खब़र लेना। बेंज्जा एक पारिवारिक एवं सामाजिक रिस्ता है। किसी परिवार का शादी विच्छेद होने से सामाजिक जिम्मेदारी भी आहत होती है, इसलिए शिकायत होने पर समाज के लोग (शादी में भागीदार हुए लोग) खोज–खबर लेते हैं अर्थात हउड़ी करते हैं।

31. **कोंयछंदा ([illegible])** :– कोंयछंदा ख़द्द = कोंयछा नु छंदचका ख़द्द। कोंयछा का अर्थ माँ के आंचल का थैला), छंदा (छंदचका), कोंयछंदा ख़द्द (गोद लिया हुआ बच्चा)।

32. **उरागन ([illegible])** : उयुर गही गन। खेती–किसानी करने वाले समान विचार वालों का समूह। रूईदास गढे नु कुँड़ख़र उरागन ठकुर हूँ बातारआ लगियर। मुण्डा समाज ही पुरखौती बेवस्था नु मानकी, मुण्डा, पाँड़े, ठकुर बअ़अर पदवी चितारकी र'ई। मना उंग्गी का राःजी चलाबअ़ना ती ठकुर धतम हिन्दी ता ठाकुर बेसे मंज्जा केरा होतंग। रूईदास नु गा कुँड़ख़र गही बेलजद्दी रहचा। अवंगेम कुँड़ख़र उराँव अरा उरागन ठकुर हूँ बातारर।

33. **डलीढिबा ([illegible])** – डँड़ियाःचका ढिबा। डली ढिबा, वधु मुल्य नहीं है। इसे वधु मूल्य या Bride Price न समझा जाय। कोहाँ पाःही के अवसर पर मयसरी और डली ढिबा तय होता है। यह Ceremonial Gift अथवा उपहार है। डली फड़ियाअ़ना कार्य परिवार के लोग नहीं करते हैं, यह सामाजिक प्रथा है।

34. **मयसरी ([illegible])** – मया (ममता) + सरी (प्रतीक, प्रतिनिधि) = ममता का प्रतीक भेंट या उपहार। कुछ लोग सादरी/नागपुरी बोलते हुए में मायसारी शब्द माय की साड़ी कहने लगते हैं, जो कुँडुख़ भाषा के अनुसार नहीं है। सादरी/नागपुरी में बेंज्जा के लिए शादी शब्द का प्रयोग होता है, जबकि शादी शब्द को अरबी मूल का माना गया है।

35. **ठकुर ([illegible])** : ठकुर बक्क, हिन्दी बक्क मल्ली। कुँडुख़ नु ठउकम, ठउकाअ़ना, ठउक'उर बक्क र'ई। अन्नेम ठोक'उर, ठोकना गुट्ठी बक्क गही बेहवार मनी। ई लेखे उरागन ठकुर बक्क गही मने सलाहकार एवं सिपाही या सेनापति का कार्य करने वाला रहा हो। रूईदास गढ़ के इतिहास में उराँव लोगों के साथ एक शब्द जुड़ता है, वह उरागन ठकुर (उरागन ठाकुर) है, जो उराँव लोगों के इतिहास में एक उराँव शासक के तौर पर उल्लेखित है।

36. **सरना आदिवासी धरम ([illegible])** :– दिनांक 11.11.2020 को झारखण्ड विधान सभा द्वारा झारखण्ड के आदिवासियों की परम्परागत आस्था एवं धार्मिक विश्वास को नाम दिये जाने तथा जनगणना सूची में धार्मिक आस्था कॉलम में शामिल किये जाने की वर्षों से लंबित मांग को पर **सरना आदिवासी धरम** नाम को सर्वसहमति से पारित किया और केन्द्र सरकार को जनगणना 2022–23 में धर्म कॉलम में शामिल करने हेतु भेजा गया। वैसे केन्द्र सरकार द्वारा इसे मान्यता नहीं मिला है।

इस तरह यह तथ्य है कि आदिवासियों की अपनी सभ्यता, संस्कृति, रीति–रिवाज, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान इत्यादि सभी चीजें हैं। जरूरत है इसे समझने और आत्मसात करने की। ईश्वर एवं ईश्वरीय शक्तियाँ सबके लिए एक समान है। आवश्यकता है एक अच्छा पात्र बनकर अपनी अन्तर्रात्मा को परमात्मा के साथ संबंध स्थापित करने की। एक सच्चा आदिवासी इस संबंध को स्थापित करने के लिए अपने कार्य को ईश्वर का कार्य समझकर ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करने का प्रयास करता है। अध्यात्म का दरवाजा भी यहीं से खुलता है। अध्यात्म व्यक्ति को ईमानदार, नीतिवान, नैतिकवान और चरित्रवान बनाता है जिसकी आवश्यकता समाज को है।

